भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 13.11.2024

## आरेडिका में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली चिकित्सालय में दिनांक 13.11.2024 को आरेडिका चिकित्सालय द्वारा रेजेंसी चिकित्सालय कानपुर के सहयोग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा द्वारा किया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ. अनुभा सिंह चौहान (स्त्री एंव प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ. शालीन वर्मा (अस्थि रोग विशेषज्ञ), एंव डॉ. वैभव गुप्ता (एमडी मेडिसिन ) के द्वारा चिकित्सालय में आये 329 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पहली बार विशेष जांच के रूप में फाइब्रोस्कैन को सम्मिलित किया गया । फाइब्रोस्कैन एक नवीन और दर्द रहित विधि है, जिसको करने में मात्र 2–3 मिनट का समय लगता है जिससे हमारे लिवर में होने वाले किसी भी समस्या का पता लगाया जा सकता है ।

प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी आभा जैन ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य परीक्षण करना नही, बल्कि लोगों को उनके स्वास्थ्य के बारे में जागरूक कराना एवं सजग बनाना है। हमारे लिए शरीर को स्वस्थ रखना बेहद जरूरी हैं, इसलिए शरीर को स्वस्थ रखने हेतु समय समय पर बृहद रूप में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है । शिविर में कुल 150 मरीजों द्वारा फाइब्रोस्कैन एवं 70 मरीजों द्वारा रक्त जांच कराया गया ।

13/11/2024
(आर एन तिवारी )
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी